हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026

13 ड्रेनों की नियमित सफाई करवाएं और पंप सेट...



13 पार्षद बोले- शहर में विकास नहीं, विनाश हो रहा



**विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया अभियान**

# शहर के वार्ड 17 में पुराने कचरा प्वाइंटों पर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**तोशाम बाइपास व मंडी टाउनशिप को चिन्हित किया और अभियान चलाकर दो ट्रैक्टर-ट्रालियों से लगभग 20 से 25 टन कचरा निकालकर दादरी रोड डंपिंग प्वाइंट पर निस्तारण के लिए भेजा**







विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर परिषद प्रशासन ने विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने के लिए भिवानी शहर के वार्ड 17 व 25 का चयन किया, जिसके बाद नगर परिषद व एजेंसी के लगभग 50 कर्मचारियों, अधिकारियों, नगर पार्षद व क्षेत्रवासियों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान वार्ड 17 में पुराने कचरा प्वाइंट तोशाम बाइपास व मंडी टाउनशिप को को चिन्हित किया और अभियान चलाकर दो ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से लगभग 20 से 25 टन कचरा निकालकर दादरी रोड डंपिंग प्वाइंट पर निस्तारण के लिए भेजा।

जिला नगर आयुक्त हरदीप के निर्देशानुसार वार्ड 17 में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सफाई अभियान चलाया। नप ने वार्ड 17 में पुराने कचरा प्वाइंट तोशाम बाइपास, मंडी टाउनशिप व विश्वकर्मा मंदिर क्षेत्र को चिन्हित किया और विशेष सफाई अभियान चलाकर दो ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से लगभग 20 से 25 टन कचरा निकाला और दादरी रोड डंपिंग प्वाइंट पर निस्तारण के लिए भेजा। अभियान के दौरान नप के कार्यकारी अधिकारी राजाराम, सीएमजीजीए ऋषभ रंजन, स्वच्छ भारत मिशन भिवानी इंचार्ज सन्नी शर्मा, सेनेटरी इंस्पेक्टर विकास देशवाल, वार्ड पार्षद सुभाष तंवर के साथ वार्डवासी सोनू गुर्जर, जोगेंद्र सिंह, श्याम सुंदर, हरीश शेखावत व लगभग 50 सफाई कर्मियों ने साफ सफाई की। अभियान के दौरान गलियों, सड़कों, खाली प्लॉटों व सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर कचरा उठाया। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, गीले, सूखे, सेनेटरी व घरेलू खतरनाक अपशिष्ट कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की।

इस दौरान आईईसी गायित्री व उनकी टीम ने क्षेत्रवासियों को वर्ष 2026 के नए आदेशानुसार अपने घरों के अंदर ही गीले, सूखे, सेनेटरी व घरेलू खतरनाक अपशिष्ट कचरे को अलग-अलग करने के लिए जागरूक किया और डोर टू डोर कूड़ा उठाने आने वाली टिप्पर गाड़ियों में अलग-अलग कंपाउंड अनुसार ही कूड़ा डालने की अपील की, ताकि डंपिंग प्वाइंट पर सही ढंग से कचरे का निस्तारण हो सकें। अधिकारियों व पार्षद सुभाष तंवर ने नागरिकों से नगर परिषद के स्वच्छता प्रयासों में सहयोग करने का आह्वान किया।

### ड्राइवर और हेल्पर को किया जागरूक

डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली टिप्पर गाड़ियों पर तैनात ड्राइवरों और हेल्परों को घरों से गीले, सूखे, सेनेटरी व घरेलू खतरनाक अपशिष्ट कचरे को टिप्पर गाड़ियों में बने चार कंपाउंड में अलग-अलग डलवाने की बात कही। उन्होंने ड्राइवर व हेल्परों को जागरूक किया कि वे कूड़ा डलवाने के दौरान लोगों को कूड़ा अलग-अलग डालने के लिए जागरूक करें।

**डीएमसी ने एजेंसी को लगाई फटकारः** जिला नगर आयुक्त हरदीप ने डोर-टू-डोर कूड़े का सहीं ढंग से उठान करने व डंपिंग प्वाइंट पर निस्तारण के लिए एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने एजेंसी को आदेश दिए कि सभी टिप्पर गाड़ियों पर ड्राइवर के साथ हैल्पर होने चाहिए। जो लोगों को घरों से गीले, सूखे, सेनेटरी व घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को टिप्पर गाड़ी में चारों कंपाउंड अनुसार अलग-अलग डलवाएं और लोगों को जागरूक भी करें।

### एंटी स्मॉग गन से करवाया छिड़काव

नगर परिषद प्रशासन ने गर्मी के मौसम में उड़ती धूल-मिट्टी से लोगों को राहत दिलवाने के लिए एंट्री स्मॉग गन से छिड़काव करवाया। नप ने एंट्री स्मॉग गन से तोशाम बाइपास रोड, विश्वकर्मा मंदिर क्षेत्र, मंडी टाउनशिप व सरकूलर रोड पर छिड़काव करवाया, क्योंकि गर्मी के मौसम में जनता पसीने से तर-बतर रहती हैं और ऊपर से धूल-मिट्टी के गुब्बार उड़कर परेशानी और बढ़ा देते हैं, इससे रोगियों की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में छिड़काव होने से पर्यावरण प्रदूषण में सुधार होगा और धूल-मिट्टी के गुब्बार से भी राहत मिलेंगी।

**बैठक में दस में से सिर्फ पांच पंच ही पहुंचे, अटकी प्रक्रिया**

## सुरपुरा कलां के कार्यवाहक सरपंच का नहीं हो पाया चयन



भिवानी। सुरपुरा कलां गांव में कार्यवाहक सरपंच चुनने की प्रक्रिया पूरी करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**बहल।** ग्राम पंचायत सुरपुरा कलां में पिछले चुनाव में निर्वाचित सरपंच राजेश कुमार को पद से हटाने के बाद कार्यवाहक सरपंच चुने जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में गुरुवार को ग्राम सचिवालय में ग्राम सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में ग्राम पंचायत के दस में से पांच सदस्य ही पहुंच पाए। इस वजह से चुनाव की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। वीरवार को आयोजित बैठक में पहुंचे पांच सदस्यों ने संबंधित अधिकारी के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए।

उपस्थित पंचों में जयवीर श्योराण, मांगेराम, राजकुमार, रेणु तथा प्रेमा देवी शामिल रहे। जबकि पांच पंच बैठक में अनुपस्थित रहे। पंचायत अधिकारियों ने बताया कि विभागीय नियमों के तहत आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यवाहक सरपंच के चयन संबंधी निर्णय नियम अनुसार एवं बहुमत के आधार पर लिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अनुपस्थित पंचों को दोबारा सूचना भी दी जा सकती है। गौरतलब है कि चुनाव उपरांत निर्वाचित सरपंच की शैक्षणिक योग्यता को लेकर गांव के ही_यक्ति द्वारा शिकायत की गई थी। जांच के दौरान दस्तावेज अमान्य पाने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने सरपंच राजेश को पद से हटाने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद पंचायत विभाग की ओर से नए कार्यवाहक सरपंच के चयन के लिए पंचायत के सभी 10 पंचों को बैठक में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया था। वहीं गांव में नए कार्यवाहक सरपंच के चयन को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाई जाए ताकि पंचायत के विकास कार्य प्रभावित न हों।

**तोशाम बाइपास पर हादसा**

## भिवानी में ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, किसान की मौत

**भिवानी।** भिवानी के तोशाम बाइपास पर पीछे से आ रहे ट्रक ने टैक्टर को टक्कर मार दी। हादसा उस समय हुआ जब किसान ट्रैक्टर में डीजल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ट्रक ने टक्कर मार दी और इस हादसे में छह बच्चों के पिता की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी।



मृतक महेंद्र का फाइल फोटो।

**छह बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया**

रोहतक के गांव ककराना निवासी विकास ने बीटीएम पुलिस चौकी में शिकायत दी और बताया कि उसके मामा लोहड़ बाजार निवासी करीब 44 वर्षीय महेंद्र खेतीबाड़ी करते हैं, जो शाम को करीब पांच बजे तोशाम बाईपास स्थित पेट्रोल पंप से डीजल डलवाने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाही से चलाते हुए ट्रैक्टर को टक्कर मार दी, जिसकारण ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया और उसके मामा महेंद्र को गंभीर चोटें आई। घायल महेंद्र को उपचार के लिए भिवानी के नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके मामा महेंद्र सिंह घर में अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे, जिनके पिता का भी निधन हो चुका है। वहीं उनके पांच बेटियां व एक बेटा छह बच्चे हैं और वे खेतीबाड़ी करके पूरे परिवार का पालन पोषण करते थे। उन्होंने ट्रक चालक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी।



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**चरखी दादरी** । राजकीय आईटीआई सैनिक परिवार भवन 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। हरियाणा सरकार द्वारा भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, अर्धसैनिक बलों के आश्रितों तथा सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 2 जून से आरंभ की जा चुकी है, जिसकी आवेदन करने की अंतिम तारीख 15 जून है। संस्था के प्रधानाचार्य जीतपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कुशल, स्वावलंबी और अनुशासित बनाना है। उन्होंने बताया कि इस संस्थान में 'स्टैनोग्राफी' का एक वर्षीय राष्ट्रीय स्तर का डिप्लोमा कोर्स करवाया जाता है। इस कोर्स में दाखिले के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास और न्यूनतम आयु सीमा 14 वर्ष होनी अनिवार्य है। अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा, जिन छात्राओं के परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम है, उन्हें सरकार की ओर से 2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। दाखिला लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को नियमानुसार बस पास की सुविधा प्रदान की जाती है।राजकीय आईटीआई सैनिक परिवार भवन 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। पास आउट होने वाले युवाओं को भारतीय सेना की भर्ती में अतिरिक्त अंकों का लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि संस्थान से पास आउट होने वाले लगभग सभी छात्र-छात्राओं को हर वर्ष हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों में अप्रेंटिसशिप के लिए नियुक्त किया जाता है।

### आईटीआई सुजापुर में 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजापुर में शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया दो जून से शुरू हो चुकी है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी विनोद खनगवाल ने बताया कि अभ्यार्थी 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पोर्टल पर किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि संस्थान में कंप्युटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सेविंग टेक्नोलॉजी, वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रिशन, सोलर टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल, हेल्थ सनेटरी इन्स्पेक्टर, स्टेनो हिन्दी, मशीनीष्ट, टर्नरए रेफ्रीजरेशन एण्ड एयरकंडीशनिंग व्यवसायों में कुल 236 सीटों पर दाखिला होने हैं। उन्होंने बताया कि दाखिले से संबंधित कोई भी जानकारी लेनी, हो तो सुजापुर में दाखिला हेल्प डेस्क से ले सकते हैं।




### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली

**चरखीदादरी।** गांव सांवड़ में घटते लिंगानुपात में सुधार लाने और बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांवड़ के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।रैली के दौरान 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के गगनभेदी नारों से पूरा गांव गूंज उठा। इस दौरान ग्रामीणों को बेटियों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां समाज की शक्ति और गौरव हैं। उन्हें भी बेटों के समान आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए। डॉ. अमित ने जोर देकर कहा कि बेटियों को शिक्षा से जोड़ना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है, ताकि समाज में एक सकारात्मक सोच का विकास किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वास्थ्य निरीक्षक राजवीर खटक, हिंदवीर जांगड़ा एमपी एचडब्लू , संदीप , मुन्नी देवी, नीलम, परवीन कुमारी, वार्ड सर्वेंट परमीत सहित आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## आयुर्वेदिक कॉलेज को मिली 134 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल व नांगल चौधरी के लिए अच्छी खबर है। नारनौल में स्थित बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज पटीकरा के विकास के लिए लगभग 134 करोड़ रुपये मंजूर हुए है। इस राशि में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग छात्रावास, चिकित्सकों व स्टाफ के लिए आवासीय भवन, बहुउद्देशीय हॉल, टीचिंग फार्मेसी तथा आधुनिक लेक्चर हॉल के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं दूसरी तरफ नांगल चौधरी में 11.65 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक हेल्थ सेंटर तैयार होगा।

# नांगल चौधरी में 11.65 करोड़ से तैयार होगा हेल्थ सेंटर

आयुर्वेदिक कॉलेज में छात्र व छात्राओं के अलग-अलग तैयार होंगे छात्रावास, चिकित्सक व स्टाफ के लिए आवासीय भवन, बहुउद्देशीय हॉल सहित टीचिंग फार्मेसी व आधुनिक लेक्चर हॉल भी बनेगा

### ग्रामीणों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लगातार कार्य कर रही सरकार : आरती राव

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार राज्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने और ग्रामीणों तक बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लगातार कार्य कर रही है। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि नांगल चौधरी क्षेत्र में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने लगभग 11 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से एक नए और अत्याधुनिक कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य



सरकार स्वस्थ हरियाणा] समृद्ध हरियाणा के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस नए कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के निर्माण से नांगल चौधरी और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब यहां के नागरिकों को छोटी बड़ी बीमारियों के इलाज और आधुनिक जांचों के लिए दूरदराज के बड़े शहरों या निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस केंद्र के बनने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि लोगों का पैसा भी बचेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त व सुलभ बनाना है। यह चिकित्सा केंद्र पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं और उपकरणों से लैस होगा, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस भवन का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ समय पर मिलना शुरू हो सके।

### विधायक ओमप्रकाश यादव ने जताई खुशी



विधायक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के विशेष प्रयासों से आयुर्वेदिक शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक ने इस ऐतिहासिक सौगात के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का क्षेत्र की जनता तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य व चिकित्सा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोरियावास मेडिकल कॉलेज का विकास हो, बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को सुदृढ़ करना हो, नारनौल के नागरिक अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 200 बेड करना हो अथवा अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करना हो, सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इससे क्षेत्र के लोगों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

### नवगठित सरपंच एसोसिएशनने विधायक से की मुलाकात

# ग्रामीण विकास के साथ पर्यावरण सरंक्षण पर चर्चा



**भिवानी।** उमेद पातुवास को मांगपत्र देते सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष सूबेदार रामचंद्र उमरवास व अन्य पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

विधायक उमेद पातुवास ने नवगठित सरपंच एसोसिएशन पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी तथा उनकी समस्याएं सुनकर जल्द समाधान का भरोसा दिया। पातुवास ने अपने आवास पर पहुंचे बाढड़ा सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष सूबेदार रामचंद्र उमरवास सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को संगठन की नई इकाई गठित करने पर बधाई दी तथा ग्रामीण विकास में पूरी मेहनत से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उपमंडल के ग्रामीण विकास के साथ साथ पर्यावरण सरंक्षण, जल सरंक्षण पर काम करने की जरुरत है। सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष सूबेदार रामचंद्र उमरवास की अगुवाई में पदाधिकारियों ने विधायक को मांगपत्र देकर उनका समाधान करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि निर्माण सामग्री के भाव तेजी से बढ़ रहे हैं और महंगाई के दौर के बावजूद सरकार द्वारा निर्माण सामग्री के भावों में लगातार कटौती की जा रही हैं जिससे विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। विभाग में कई महत्वूपर्ण पद रिक्त होने से पैदा हो रही समस्याओं को दूर करने व निर्माण सामग्री के भाव मार्केट के अनुसार तय करना जरुरी है जिस पर विधायक ने जल्द ही समाधान करवाने का भरोसा दिया।

#### ये रहे मौजूद

उनके अलावा सरपंच सोमेश जेवली, विजेंद्र निमड़ बडेसरा, रविंद्र किष्कंदा, रवींद्र हंसावास, कृष्ण सोनी भांडवा, अशोक मांढी, जितेंद्र मांढी, सुनील हड़ोदी, जगदेव हड़ौदा, कुलदीप लांबा कालुवाला, पुरुषोठाम रामपुरा, रमेश कुमार श्यामकलां, मीरसिंह द्वारका, शीला कांहडा, प्रदीप चांदवास, सोमबीर धनासरी आदि रहे।



### पूरी दुनिया ने भारत की योग परंपरा को अपनाया

**चरखी दादरी।** उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक पीएस नारायणन ने कहा कि जो लोग दैनिक आधार पर योग करते हैं उनको बीमारियां नहीं होती है। दूसरे लोगों के मुकाबले उनके शरीर में बीमारियों से लडने की ताकत कहीं ज्यादा पाई जाती है। यह बात शोध से सिद्ध हो चुकी है। ऐसे में सभी को दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए। नारायणन वीरवार को बलिदान स्मारक स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया योग को लेकर जागरूक है और दुनिया भर में प्रतिदिन योग किया जाता है। पूरी दुनिया ने भारत की सदियों पुरानी परंपरा योग को अपनाया है। उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता दूसरे लोगों से कहीं ज्यादा मिली है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को दैनिक जीवन में योग को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ करने उपरांत अपने संबोधन में कहा कि योग किसी धर्म या संप्रदाय से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि मानवता की एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक धरोहर है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखे गए प्रस्ताव को रिकॉर्ड 177 देशों का समर्थन मिला और 21 जून 2015 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। तब से योग का वैश्विक विस्तार निरंतर बढ़ रहा है और करोड़ों लोग इससे जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत और योग की डोज, आधा घंटा रोज जैसे संदेश आज के समय की आवश्यकता हैं। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर हम स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक जीवन जी सकते हैं।



**भिवानी।** मकान में सर्च करते पुलिसकर्मी । *फोटो : हरिभूमि*

### पुलिस ने जिले में नशे के विरुद्ध चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार के निर्देशानुसार जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना झोझूकलां क्षेत्र में प्रभारी थाना झोझूकलां निरीक्षक दिलबाग सिंह के नेतृत्व में व्यापक सर्च अभियान चलाया गया।

जिसमें पुलिस की टीमों के साथ डॉग स्क्वायड ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं संवेदनशील स्थानों पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा मकानों की गहन एवं सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई, जिनके नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त होने की संभावना थी।

अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों से भी संवाद स्थापित किया तथा उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। लोगों से अपील की गई कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशीले पदार्थों की बिक्री, खरीद-फरोख्त अथवा सेवन में संलिप्त है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

प्रभारी थाना झोझूकलां निरीक्षक दिलबाग सिंह ने बताया कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में नशा तस्करों, सप्लायरों तथा इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना पुलिस की प्राथमिकता है तथा समाज के सहयोग से इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर तस्करों एवं अपराधियों पर शिकंजा कस रही है।

### ग्राम सभा की बैठक में लोगों के सुझाव लें कस्बे को बनाया जाएगा जाम मुक्तः एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि तोशाम कस्बे को जाम मुक्त और हरा-भरा बनाने के लिए शुक्रवार को सुबह 11 बजे पंचायत घर में ग्राम सभा की बैठक करके कस्बे के प्रबुद्ध लोगों, जनप्रतिनिधियो, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों सहित तमाम सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल करके एक खाखा तैयार किया जाएगा। प्रशासन, पुलिस और जन प्रतिनिधियों तथा आम जनता को इसका भागीदार बनाया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि चौधरी सुरेंद्र सिंह चौक से चौधरी बंसीलाल चौक तक लगने वाली रेहड़ियों को हटाकर इस रोड को रोल मॉडल रूप से जाम मुक्त बनाने के लिए ग्राम सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी को आगे बढाते हुए मुख्य बाजार और सिवानी रोड को भी जाम मुक्त बनाने के लिए ग्राम सभा में लोगों के सुझाव साझे करके शहर को जाम से मुक्ति दिलवाई जाएगी।



सडीएम संदीप कुमार।



### डेढ़ घंटे चली धूल भरी आंधी के बाद बूंदाबांदी से राहत, बिजली हुई गुल

**लोहारू।** गुरुवार दोपहर बाद मौसम में हुए परिवर्तन के चलते सांय करीब साढ़े चार बजे लोहारू और आसपास के इलाके में धूल भरी तेज आंधियां चली। आसमान में धूल के गुब्बार दिखाई दिए। लेकिन डेढ़ घटें की आंधी के बाद हुई हलकी बरसात ने लोगों को धूल मिट्टी के साथ गर्मी से राहत दी। बता दें थार मरुस्थल के अंतिम छोर पर बसे लोहारू और आसपास के इलाके में गर्मियों ने धूल भरी तेज आंधियां चलना आम बात है। गुरुवार को भी दोपहर बार मौसम में हुए बदलाव के साथ धूल भरी तेज आंधियों का दौर शुरू हो गया। इससे पहले दोपहर में करीब 39 डिग्री के अधिकतम तापमान ने लोगों के पसीने छुड़ाए वहीं दोपहर बाद तेज आंधी ने लोगों काफी परेशान किया। तेज आंधी शुरू होते ही शहर की बिजली गुल हो गई व लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि करीब छह बजे बाद आसमान में छाए घने काले बादलों और उसके बाद रुक रुक कर हुई हलकी बरसात ने लोगों को काफी राहत प्रदान की। तेज आंधी में कई दुकानों के ऊपर लगे होर्डिंग और तिरपाल भी उड़ गए।

### जिला कंपनी के आगामी कदम पर टिकी किसानों की नजरः किसान

# एसजीआरसी कमेटी के फैसले से खुश किसानों ने विजय दिवस मना 324वें दिन धरना किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले लोहारू के लघु सचिवालय परिसर में करोड़ों रुपयों के बकाया फसल बीमा क्लेम के भुगतान की मांग को लेकर 324 दिनों से चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन महापड़ाव गुरुवार को किसानों ने विजय दिवस मनाकर स्थगित कर दिया। किसानों ने कहा कि 324 दिनों के लंबे संघर्ष के बाद एसजीआरसी का किसानों के हक में फैसला आया है। अब अनिश्चितकालीन महापड़ाव को स्थगित किया जाता है तथा अब किसानों की निगाह संबंधी बीमा कंपनी के आगामी कदम पर टिकी हुई है। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए। गुरूवार को इलाक के किसानों धरना स्थल पर विजय दिवस मनाते हुए खुशी जाहिर की तथा राजेन्द्र शेखावत, रामपाल सिंघानी, देवी दयाल पहाड़ी, प्रताप राव कालोद और कामरेड ओमप्रकाश ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का मंच संचालन मास्टर जगरोशन व विजय गुरावा ने किया। मास्टर उमराव सिंह, मास्टर शेरसिंह भिवानी, सूबेदार धनपत सिंह, रामफल देशवाल, संतोष देशवाल, अनीता लाखलाण, मंदरुप नेहरा, शेरसिंह झांझड़ा, नरेन्द्र फरटिया, जयसिंह गिगनाऊ व मनजीत गिगनाऊ ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष मंडल ने संयुक्त रूप से आज धरने को स्थगित करने की घोषणा की उन्होंने बताया कि अब संयुक्त किसान मोर्चा संबंधित कंपनी के आगामी कदम का इंतजार करेंगे और उसी के अनुसार आगे की रणनीति मोर्चे की बैठक में की जाएगी। यहीं नही सांसद चौ धर्मबीर सिंह ने संसद में तथा विधायक राजबीर फरटिया ने विधानसभा में किसानों के हक में आवाज बुलंद की थी। यहीं नही किसानों ने 324 दिनों के लंबे संघर्ष के दौरान विभिन्न मोर्चों पर अपनी मांग उठाई थी।



**लोहारू।** अनिश्चितकालीन महापड़ाव पर विजय दिवस के मौके पर मंगल गीत गाते हुए महिलाएं व मौजूद किसान।

# बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

> बैठक में पार्टी के जिला प्रभारी डॉ. एमएल रंगा, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह रहेंगे

कांग्रेस पार्टी द्वारा एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) मामले को लेकर गुरुवार को कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पार्टी के जिला प्रभारी डॉ. एमएल रंगा, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह तथा जिलाध्यक्ष सुशील धानक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

पूर्व विधायक सोमवीर सिंह ने बताया कि बैठक में बूथ स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान पूरी सजगता एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को जागरूक कर मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। बैठक में क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी सं या में भागीदारी रहने की संभावना है। पार्टी नेतृत्व एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर भी चर्चा करेगा।

### सुविधा | सप्ताह में एक दिन चलने वाली ट्रेन के यात्रियों की लगातार बढ़ रही संख्या

# चार राज्यों के यात्रियों की जीवनरेखा बनी भावनगर शकूरबस्ती ट्रेन, नियमित करने की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली को जोड़ने वाली ट्रेन संख्या 09257/09258 भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक रेलसेवा को नियमित रूप से संचालित करने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में दैनिक रेल यात्री एवं जनकल्याण संघ ने रेलवे बोर्ड को ज्ञापन भेजकर ट्रेन को नियमित करने और इसके समय में संशोधन की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने बताया कि यह ट्रेन हजारों यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक और भरोसेमंद विकल्प बन चुकी है। व्यापार, रोजगार, शिक्षा और पारिवारिक यात्राओं के लिए बड़ी संख्या में लोग इस रेलसेवा पर निर्भर हैं। बढ़ती यात्री संख्या इसके महत्व और उपयोगिता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। उपाध्यक्ष पूनम फौजदार ने कहा कि इस ट्रेन से विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों व आम यात्रियों को सीधा लाभ मिल रहा है। यदि इस सेवा को नियमित किया जाता है, तो यात्रियों को स्थायी और बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। महासचिव आशीष चौधरी ने कहा कि यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए इस ट्रेन को स्पेशल श्रेणी से हटाकर नियमित श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए। इससे क्षेत्रीय रेल संपर्क और अधिक मजबूत होगा तथा यात्रियों को राहत मिलेगी। इस मौके पर एडवोकेट सौरभ यादव, जितेंद्र अग्रवाल, रवि कुमार, सुभाष अटेली, हनुमान डाबला, शिवकुमार, सोनू शर्मा, हेमंत शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



**नारनौल।** स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते संघ पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### शकूरबस्ती से समय परिवर्तन का सुझाव

संघ के सचिव एडवोकेट महावीर जैन ने सुझाव दिया कि ट्रेन संख्या 09258 का शकूरबस्ती से प्रस्थान समय बदलकर लगभग रात 7:10 बजे किया जाए। इससे दिल्ली-राजस्थान रेलखंड पर यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी और अन्य ट्रेनों पर दबाव भी कम होगा।

#### कई जिलों के यात्रियों को मिलेगा लाभ

संघ पदाधिकारियों के अनुसार इस रेलसेवा के नियमित होने से नारनौल, रेवाड़ी, नीमकाथाना, फुलेरा सहित आसपास के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही रेलवे के यात्री भार और राजस्व में भी वृद्धि होने की संभावना है। संघ ने रेलवे बोर्ड से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस रेलसेवा को शीघ्र नियमित किया जाए और प्रस्तावित समय परिवर्तन पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

## खबर संक्षेप



### सुरेश बने लायंस क्लब भिवानी सिटी के प्रधान

**भिवानी।** लायंस क्लब भिवानी सिटी के सदस्यों की साधारण सभा निजी रेस्टोरेंट में हुई। बैठक में 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया। सभा में सर्वसम्मति से लॉयन सुरेश केड़िया को प्रधान, लॉयन प्रमोद मिंडूका को सचिव व लॉयन अनिल हलवासिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। लायंस क्लब इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट टीम के डॉ. संजय गोयल को 2026-27 के लिए रीजन चेयरमैन नियुक्त किया।

### श्रीकृष्ण जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया

**भिवानी।** श्रीद्वारकाधीश मन्दिर में इन दिनों सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की रसगंगा बह रही है। कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य गोविन्द दास महाराज ने सुमधुर वाणी से भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर पांडल में उपस्थित समस्त श्रद्धालु झूम उठे। वृंदावन से पहुंचे राहुल कृष्ण गोस्वामी ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्श पर आधारित सुंदर व मनमोहक झांकियों का मंचन किया।

### निवेशकों का पैसा नहीं मिलने पर भड़के संगठन

**भिवानी।** चीट फंड कंपनियों में देश के लाखों निवेशकों का फंसा पैसा वापस नहीं मिलने के विरोध में अब बड़ा आंदोलन शुरू होने जा रहा है। पीड़ित निवेशकों को न्याय दिलाने एवं उनके बकाए भुगतान की मांग को लेकर 10 जून से 14 जून तक उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थल मथुरा-वृंदावन में विशाल सत्याग्रह धरना कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### मनीष डुमड़ा की माता का निधन, जताया शोक

**बवानीखेड़ा।** क्षेत्र की 85 वर्षीय वरिष्ठ महिला प्रेमबाई डुमड़ा का वीरवार दोपहर लगभग 12 बजे निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों व परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय प्रेमबाई समाजसेवी मनीष डुमड़ा एवं वसीका नवीस संजय कुमार डुमडा की माता थी। उनके निधन पर क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

### सुरेंद्र सभ्रवाल सहित पांच युवाओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे सड़क दुर्घटना के शिकार मरीज के लिए फरिश्ता बनकर आई पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने समय रहते पांच यूनिट फ्रेश रक्त डोनेट कर उसकी जान बचा ली। सड़क दुर्घटना में घायल मरीज की हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। निजी अस्पताल से संदेश मिलते ही सुरेंद्र सभ्रवाल सहित पांच युवाओं परमवीर, अनिल कुमार, सुमित, सोनू यादव ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया।

## मानसून सीजन में जलभराव से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट

# ड्रेनों की नियमित सफाई करवाएं और पंप सेट, नाव एवं अन्य उपकरण दुरुस्त रखें

**डीसी ने जिले में बाढ़ राहत कार्यों, अमृत सरोवर व जल संचय परियोजनाओं का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने गुरुवार को जिले में मानसून सीजन के दौरान संभावित जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए किए बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ राहत कार्यों, ड्रेनेज सफाई व्यवस्थाओं, अमृत सरोवर, जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) परियोजनाओं, विद्यालयों में जल संरक्षण कार्यों तथा सीवरेज एवं जल निकासी परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सेफ्टी जैकेट पहनकर गांव निनान स्थित वाटर टैंक में नाव का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी गुप्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीसी साहिल गुप्ता लोहानी के सिंचाई विभाग की वर्कशॉप में पहुंचे। वहां पर उन्होंने पानी निकासी के लिए प्रयोग में आने वाली पंपसेट आदि मशीनरी का जायजा लिया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने डीसी को बताया कि विभाग के पास फिलहाल 42 डीजल सेट और 55 बिजली के सेट हैं। डीसी ने जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) परियोजनाओं, रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, तालाबों एवं नाला बंधों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एसटीपी दादरी रोड़ भिवानी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नंदगांव में आबादी एवं कृषि भूमि को सुरक्षित रखने के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन, प्रेमनगर में मिताथल-घुसकानी लिंक ड्रेन तथा जाटू लोहारी बाईपास पर आरसीसी/डीआई पाइपलाइन कार्य का निरीक्षण किया। डीसी ने सागवान, ढानी रिवासा, बलियाली-रामपुरा, रतेरा सहित विभिन्न गांवों में विकसित किए गए अमृत सरोवरों का भी जायजा लिया और उनके रखरखाव एवं जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न ड्रेनों की स्थिति का भी निरीक्षण किया।



**भिवानी।** निनान जलघर में नाव में बैठकर निरीक्षण करते डीसी साहिल गुप्ता।



**भिवानी।** जलघर का निरीक्षण करते डीसी साहिल गुप्ता। *फोटो: हरिभूमि*

### सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे करें

डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी ड्रेनों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा बाढ़ राहत के लिए आवश्यक संसाधन, पंप सेट, नाव और अन्य उपकरण दुरुस्त हों। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा एवं जलभराव की समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह सतर्क है और सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे किए जा रहे हैं। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता कॉफी बिश्नोई व दिनेश राठी, डिप्टी सीईओ रविंद्र दलाल, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, डीईओ निर्मल दहिया सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डीसी ने लिया वाटर टैंक का जायजा

बाढ़ राहत कार्यों के निरीक्षण के दौरान डीसी ने निनान स्थित जलघर के वाटर टैंक में नाव में जायजा लिया। उन्होंने आपदा प्रबंधन और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी नावों की स्थिति सही होनी चाहिए ताकि जल भराव जैसी स्थिति में राहत कार्यों में उनका प्रयोग किया जा सके। डीसी गुप्ता ने कहा कि मानसून सीजन आने से पहले जलभराव की समस्या से बचाव और बारिश के पानी की निकासी के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।



**भिवानी।** तपोभूमि परमहंस योगाश्रम में रूद्र महायज्ञ में आहुति डालते श्रद्धालु।

## तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में वार्षिक महोत्सव शुरू

- रूद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने डाली आहुति, वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण हुआ शुद्ध एवं दिव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

छोटी काशी भिवानी स्थित तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। श्रीश्री 1008 स्वामी भास्करानंद परमहंस महाराज की पुण्य स्मृति में दिव्य महोत्सव 31 मई से शुरू 7 जून तक पूरी श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस धार्मिक समागम का आयोजन पूज्य स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती महाराज के पावन सान्निध्य और कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रभर से भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। इस अष्टदिवसीय महोत्सव को लेकर पूरा आश्रम परिसर और भिवानी नगरी भक्तिमय हो चुकी है। सुबह से ही यज्ञ की आहुतियों और वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह शुद्ध और दिव्य हो गया है। तपोभूमि परमहंस योगाश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि मानव जीवन का परम लक्ष्य आत्म-कल्याण और लोक-कल्याण होना चाहिए। पूज्य सद्गुरुदेव श्रीश्री 1008 स्वामी भास्करानंद परमहंस महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन समाज को सही दिशा देने, योग, साधना और सनातन संस्कृति के उत्थान में समर्पित कर दिया था।

### केवल धार्मिक आयोजन नहीं

यह वार्षिक महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर की सोई हुई आध्यात्मिक ऊर्जा को जगाने और सद्गुरुदेव के दिखाए परोपकार के मार्ग पर चलने का एक पवित्र संकल्प है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब संसार में मानसिक अशांति, तनाव और वैचारिक मतभेद बढ़ रहे हैं, ऐसे में रुद्र महायज्ञ और हरि नाम संकीर्तन विश्व शांति, पर्यावरण की शुद्धि और लोक कल्याण का अचूक माध्यम हैं। इस आठ दिवसीय महोत्सव के दौरान आश्रम में 7 जून तक प्रतिदिन प्रातः साढ़े छह बजे से साढ़े आठ बजे तक वैदिक विद्वानों के आचार्यत्व में संपन्न हो रहा है, जिसमें श्रद्धालु आहुति प्रदान कर समाज की समृद्धि की कामना कर रहे हैं। वही सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक कथा व्यास द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की कड़ी में 6 जून की शाम 4 बजे से 7 बजे तक एक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## वराह व वामन अवतार की महिमा का बखान

- श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, साक्षात श्रीहरि का शब्दमयी स्वरूप : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सदर थाना के पास शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वीरवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथावाचिका अनीता शास्त्री ने भक्ति और ज्ञान की गंगा बहाते हुए उपस्थित भक्तों को भागवत महापुराण के गूढ़ रहस्यों से अवगत करवाया।

शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कोई साधारण ग्रंथ या कथा मात्र नहीं है, बल्कि यह साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का शब्दमयी स्वरूप है। शास्त्री ने बताया कि जो भक्त सच्चे मन से कथा का श्रवण करता है, वह इस कठिन भवसागर से पार उतर जाता है। शास्त्री ने बताया कि महर्षि वेदव्यास ने वेदों और पुराणों की रचना के बाद भी अशांति महसूस की थी, तब देवर्षि नारद के मार्गदर्शन पर उन्होंने मानव मात्र के कल्याण के लिए और चंचल बुद्धि वाले मनुष्यों को स्थिर करने के लिए श्रीमद्भागवत पुराण की रचना की। इसे पंचम वेद और मुक्ति का मार्ग भी कहा जाता है।

शास्त्री ने कहा कि राजा परीक्षित ने चक्रवर्ती सम्राट होने के बावजूद मुक्ति के लिए उन्होंने सात दिनों के भीतर अपने पूरे साम्राज्य का मोह त्याग दिया और स्वयं को ईश्वर को समर्पित कर दिया। कथा में वराह अवतार व वामन अवतार की महिमा का विस्तृत वर्णन किया, जिससे श्रोता भावविभोर हो गए। शास्त्री ने कहा कि जीवन में वास्तविक आनंद एवं शांति केवल ईश्वर की भक्ति में निहित है। अच्छे कर्मों और साधना के लिए जीवन में निरंतरता का होना बहुत आवश्यक है।



कथा का वाचन करती अनीता शास्त्री।

## पार्षद बोले-शहर में विकास नहीं, विनाश हो रहा

- शहर के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने समाधान शिविर एवं सीएम विंडों में लगाई शिकायत, रोया दु:खड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी शहर इस समय विकास की नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता एवं कथित भ्रष्टाचार की सबसे बुरी मार झेल रहा है, ये हम नहीं, बल्कि खुद जनता द्वारा चुने नगर परिषद के पार्षद चीख-चीख कर कह रहे हैं। चार वर्षों से लगातार उपेक्षा का शिकार पार्षदों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। समाधान शिविर से लेकर सीएम विंडो तक, पार्षदों ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर जो गुहार लगाई है, उसने नगर परिषद के दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। पार्षदों ने दो टूक शब्दों में प्रशासन को कहा कि शहर में विकास नहीं, विनाश हो रहा है।



**भिवानी।** समाधान शिविर एवं सीएम विंडो में शिकायत सौंपते जाते नगर पार्षद।

### सार्वजनिक शौचालय बंद पड़े

पार्षदों ने कहा कि लाखों रुपये की लागत से बने सार्वजनिक शौचालय बंद पड़े हैं, जिन पर ताले लटके हैं। इसके कारण महिलाओं को भारी मानसिक व शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ रही है और स्वच्छ भारत अभियान का मजाक उड़ रहा है। गलियों में ओवरफ्लो नालियों के कारण डेंगू और मलेरिया का खतरा मंडरा रहा है। वार्ड 20 से पार्षद प्रदीप कौशिक व वार्ड 5 से पार्षद अंकुर कौशिक ने तथाकथित मॉडल रोड के निर्माण पर विजिलेंस जांच की मांग की है।

### बेंच व साइन बोर्डों में घालमेल का आरोप

वार्ड 14 से पार्षद जयवीर सिंह रंगा ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से उनके वार्ड में कोई उल्लेखनीय विकास कार्य नहीं हुआ है। प्रशासन द्वारा कुछ चुनिंदा वार्डों को लाभ पहुंचाने के लिए पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। वहीं वार्ड 10 से पार्षद सरला ने शिकायत की कि बैंक कॉलोनी मिनी बाईपास पर मिष्ठान भंडार से श्रीराम चौक तक भयंकर अतिक्रमण है। पालुवास मोड़ के सामने बनी सड़क बनने के मात्र तीन महीने के भीतर ही टूट गई। पार्षदों ने आरोप लगाया कि जो पार्क की बेंच 2700 की आती है, उसे नगर परिषद ने 6000 की लागत में दिखाया है। आठ हजार रूपये की कीमत वाले शाइन बोर्डों को 20 हजार रुपये में लगवाया गया है।

## समर कैंप में चित्रकार ने बच्चों को सिखाए चित्रकला के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हनुमान ढाणी में चल रहे समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों को अनूठा और प्रेरणादायी अनुभव प्राप्त हुआ। विशेष सत्र में मुख्यतिथि और मार्गदर्शक के रूप में केशव कला विकास एवं अनुसंधान समिति के अध्यक्ष तथा संस्कार भारती हरियाणा के विभाग संयोजक चित्रकार शिवकुमार ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें चित्रकला की गूढ़ बारीकियों से रूबरू करवाया और जीवन में रंगों के वास्तविक महत्व को बेहद सरल ढंग से समझाया। कार्यक्रम में करीबन 70 बच्चों ने भाग लिया। शिविर के दौरान चित्रकार शिवकुमार ने न केवल मौखिक रूप से बच्चों का मार्गदर्शन किया, बल्कि उन्होंने स्वयं कैनवास पर एक बेहद सुंदर प्राकृतिक चित्र (पेंटिंग) मौके पर ही लाइव बनाकर दिखाया। कलाकार को अपने सामने इतनी सजीवता से रंगों को बिखेरते देख बच्चे मंत्रमुग्ध हो गए।



## सीटीएम ने सुनीं जन समस्याएं

- त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सीटीएम अनिल कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

शिविर में भिवानी शहर के विभिन्न वार्डों से पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याएं सीटीएम के समक्ष रखी। पार्षदों की शिकायत पर सीटीएम अनिल कुमार ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करवाएं, स्ट्रीट लाइटों की नियमित जांच सुनिश्चित करें तथा विकास कार्यों में कोई लापरवाही न बरतें।



**भिवानी।** समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते सीटीएम। *फोटो: हरिभूमि*

### अवैध कब्जा हटवाने की मांग रखी

सीटीएम ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में अनावश्यक देरी और भेदभावपूर्ण रवैया किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाधान शिविर में लोगों ने तरह तरह की शिकायतें रखीं। शिविर में विशाल ने अवैध कब्जा हटवाने, कृष्णा ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने, विद्या ने लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ दिलवाने, सत्यवान ने खरीफ फसल बीमा योजना का मुआवजा दिलवाने, ओम प्रकाश ने निजी अस्पताल द्वारा इलाज में लापरवाई के विरूद्ध कार्रवाई करवाने बारे, मनोज ने पेयजल पाइपलाइन बिछवाने आदि से संबंधित शिकायतें रखीं।



## ब्रह्माकुमारीज शाखा बौंदकलां ने बाबा चंदूदास धाम में मनाया पर्यावरण दिवस

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज शाखा बौंदकलां में राजयोगिनी बीके सुमित्रा ने बाबा चंदूदास धाम में पर्यावरण दिवस मनाया। बीके सुमित्रा ने कहा कि हमारे चारों ओर मौजूद वातावरण, जिसमें हम रहते हैं, इसमें प्रकृति और मानव निर्मित दोनों प्रकार की चीज शामिल होती हैं। जैसे वायु जल भूमि पेड़ पौधे पशु पक्षी आदि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है और इसके संतुलन पर ही सभी जीवों का अस्तित्व निर्भर करता है, इसको स्वच्छ रखना हमारा पहला कर्तव्य बनता है, कूड़ा कचरा निर्धारित स्थान पर डालें, प्लास्टिक का उपयोग कम करें, अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनकी रक्षा करें। राजयोगिनी बहन ने बताया कि इसी प्रकार हम सब की आत्मा में भी विकारों की प्रवेशता होने के कारण आत्मा मैली हो गई है, जिकी सफाई करना अति आवश्यक है और सफाई कोई साबुन व पाउडर से नहीं की जाती, बल्कि स्वयं परमपिता परमात्मा धरा पर अवतरित होकर आत्माओं की सफाई कर कंचन एवं सतयुग में जाने के लायक बनाते हैं। बौंदकलां थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सन्नी कुमार ने कहा कि पर्यावरण एवं पानी की सुरक्षा करना मानव की पहली प्राथमिकता है, जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है।

## अस्पताल में चौधरी बंसीलाल की प्रतिमा नहीं लगाना जनभावनाओं से खिलवाड़: ईश्वर


# पूर्व जिला पार्षद ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, अस्पताल में प्रतिमा लगाने की मांग

चौधरी बंसीलाल अस्पताल के मुख्य द्वारों पर नहीं हरियाणा के विकास पुरुष की फोटो: मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा के विकास एवं लौह पुरुष के नाम से विख्यात पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल के नाम पर बने भिवानी के नागरिक अस्पताल को लेकर नया विवाद सामने आया है। पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने अस्पताल के मुख्यद्वारों पर चौधरी बंसीलाल की तस्वीर नहीं होने पर गहरी आपत्ति जताई है। इस संबंध में उन्होंने समाधान शिविर में उपायुक्त को लिखित मांगपत्र सौंपा। समाधान शिविर के अलावा मान ने उपायुक्त, एसडीएम व सीटीएम को भी मांगपत्र सौंपा। मान ने कहा कि चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के दोनों ही मुख्यद्वारों पर वर्तमान मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री की तस्वीरें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जिसके नाम पर पूरा अस्पताल समर्पित है, उन चौधरी बंसीलाल की तस्वीर को मुख्य द्वारों से गायब कर देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और ये जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पतला का मुख्यद्वार, जहां पर चौधरी बंसीलाल की फोटो नहीं हैं व पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल का फोटो दिखाते पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान।

### विकास पुरुष का सम्मान किया जाए

मान ने इतिहास का जिक्र करते हुए पत्र में लिखा कि करीब 50 वर्ष पहले चौधरी बंसीलाल ने भिवानी को छोटी काशी के रूप में पहचान दिलाई थी। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल के दौरान एशिया का सबसे बड़ा जिला स्तरीय अस्पताल बनाने के उद्देश्य से अस्पताल को स्थापित किया था, जिसके चारों तरफ आज भी खुली जगह है। उन्होंने बताया कि चौधरी बंसीलाल के अद्वितीय योगदान को देखते हुए वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने 26 अगस्त को बंसीलाल के जन्मदिवस पर नागरिक अस्पताल का नामकरण चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल किया था। भिवानी जिले की जनता की आवाज उठाते हुए पूर्व जिला पार्षद मान ने प्रशासन से पुरजोर मांग की कि राजनीति से ऊपर उठकर इतिहास एवं विकास पुरुष का सम्मान किया जाए।

## राज्य पुरस्कार के आवेदनों की होगी जांच

- भिवानी की प्रतिभाएं चंडीगढ़ में गाड़ेंगी झंडा, पारदर्शी चयन पर विश्वास
- असली सेवादारों को मिलेगा हक, फर्जीवाड़ा होगा खत्म : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित राज्य पुरस्कारों के चयन को लेकर जिला प्रशासन भिवानी ने अत्यंत सराहनीय और पारदर्शी पहल की है।

समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले दावेदारों के आवेदनों की पात्रता और प्रमाणिकता को जांचने के लिए जिला स्तर पर व्यापक और कड़ा अभियान शुरू किया, ताकि केवल वास्तविक जमीनी सेवा करने वाले कर्मठ व्यक्तियों को ही सम्मानित किया जा सके। इसी प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवां के कार्यालय में महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय स्क्रूटनी कमेटी की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राप्त हुए सभी राज्य पुरस्कार आवेदनों के दस्तावेजों का गहनता से भौतिक सत्यापन करना था।



**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवां के साथ राज्य पुरस्कारों के आवेदक।

### इन्होंने किया है आवेदन

एडीसी की तरफ से जिले के बालकिशन, भंवरलाल, रामकिशन, सुंदर सिंह, सुरेश कुमार, संतोष, अंकुश, मनफूल सिंह, आस्था स्पेशल स्कूल की संचालिका एवं प्राचार्या सुमन शर्मा के आवेदन की जांच के लिए बुलाया गया था।



Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP 6% OFF
UPTO 80% OFF
Summer Sale
04 June to 18 June
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
SANTOOR GENTLE HAND WASH CLASSIC
675 ML
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
1 LTR
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR SAMPLA GOHANA KARNAL HISAR SONIPAT BHIWANI
BUY 1 GET 1 FREE
REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR
CHIPS
AMUL TOMATO KETCHUP
GM POHA CLASSIC (500G)
MCCAIN 1.2KG
BREGANO PASTA ALL VARIANTS
XCITE NOODLES ( 330 g)
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
NISHA NAMKEEN
SATMOLA NAMKEEN
MULBERRY MUFFINWALA
DABUR GLUCOSE-D 1KG
YUVAID SHARBAT
TOP / MOTHER PICKLE 950 GM
CATCH COLD DRINK 1.2LITRE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM
MANGO SIP 1LTR
PRABHAS GHEE
KHADI INDIA ALL VARIANTS
COLGATE VISIBLE WHITE
PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR
COMFORT 2 LTR IMPORTED
CLEAN & CLEAR FACEWASH 240 ML
BAJAJ COCONUT OIL PET 600ML/ 300ML
K'TRIQ SELECTED VARIANT
DEHAAT MAKHANA
PRIL LIME GREASE 1.5LTR 750 ML
CHINAR MAT Below MRP- ₹400
TRISHUL 5LTR
IHP PRODUCTS
CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN
MANIA JUICE 1.2 LTR
BUY 1 GET 3 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana Contact: +91-76962 97828
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
UPCOMING BRANCHES
Panipat Sirsa Rewari
Mohali Ghaziabad Sirhind
Jind Narnaul Malerkotla
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
*T& C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.